## सार-समाचार

### निःशुल्क मेडिकल शिविर लगाया

**रावतभाटा,** (निसं)। अंजुमन सिराजुल इस्लाम सोसायटी की और से रविवार को ईदगाह प्रांगण में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। कोटा के सुधा मेडिकल कॉलेज, हेल्पिंग हैंड संस्था का सहयोग रहा, शिविर में विभिन्न प्रकार की जांचें तथा दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। अंजुमन सिराजुल इस्लाम सोसायटी सदर हाजी मजहर हुसैन भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास रहता है कि समाज के वंचित और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों की सहायता हो सके, इसी प्रयास में इस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 610 रोगियों की जांच कर निःशुल्क दवाओं का वितरण, आंखों की जांच सहित विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांचें निःशुल्क की गई। जिसमें थायराइड और सीबीसी की जांच सेवार्थ पेंथोलेजी लेब द्वारा निःशुल्क कि गई। वही 7 रोगियों का निःशुल्क ऑपरेशन के लिए कोटा रेफर किया गया, शिविर में वृद्धजनों तथा युवाओं ने उत्साह से भाग लिया। शिविर में डॉ. अक्षत, डॉ. समर्थ, डॉ. रुखसार, डॉ. नूपुर, डॉ.जीशान आयजुदीन खान ने रोगियों की जांच कर उपचार किया। शिविर में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेन्द्र सिंह हाडा, राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम अधिशासी अभियंता आशीष कुमार जैन, पंजाबी समाज अध्यक्ष बालकिशन गुलाटी, क्षित्रय समाज के चंद्र सिंह भाटी, मोटर मार्किट अध्यक्ष गोविंद गुप्ता, हर्ष जैन, हाजी मुबारिक हुसैन, मदीना एम ए खान, अंजुमन सेकेट्री मोहम्मद हुसैन, नायब सदर हनीफ मोहम्मद मंसूरी, मोहम्मद इक़बाल, फैयाज खान, शब्बीर ताई, नियाज मोहम्मद, हैदर खान, शिक्षा समिति अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शायर, शेख हबीब, हबीबुरहमान, पेश इमाम हाफिज समीर खान, केशियर इम्तियाज़ शेख, मदरसा प्रिंसिपल साबिर खान, जफर भाटी, अल्पसंख्य नगर अध्यक्ष शेख इरफान, लतीफ अंसारी, मुशीर रियाज, अनवर खान, जाहिद अली, हसन खान, महबूब राठौड़, आरिफ बेग, आबिद हुसैन, सोमू शरीफ बेग, जाकिर खान, सरफराज अंसारी, रईस अंसारी, नेशनल रफीक मंसूरी, कैफ अंसारी मोहम्मद, रेहान मोहम्मद, फैजान, आदिल मंसूरी, कासिम शेख, अयुब खान तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

### तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक आयोजित

**छबड़ा** (निसं)। स्थानीय भाजपा कार्यालय पर एक बैठक प्रदेश प्रतिनिधि हिम्मतसिंह सिंघवी, मुकेश केरवालिया तिरंगा यात्रा जिला संयोजक, ब्रम्हानंद शर्मा जिला महामंत्री, महाराजसिंह सिंघवी विधानसभा संयोजक, महावीर नामा सहसंयोजक, रैली संयोजक हरिओम नागर प्रधान के आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 29 मई को निकालने वाली तिरंगा यात्रा पर चर्चा की गई। तिरंगा यात्रा 29 मई को दोपहर 12 बजे हरनावदाशाहजी से रवाना होकर 2 बजे छीपाबडौद एवं 5 बजे छबड़ा भाजपा कार्यालय पंहुचने के बाद यहां तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। वक्ताओ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के बाद शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार सेना का सम्मान करने के लिए देश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है, इस यात्रा में भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को शामिल होकर यात्रा को सफल बनाने का आग्रह किया। बैठक में सेमली मण्डल अध्यक्ष रामप्रसाद नागर, बापचा मण्डल अध्यक्ष हेमराज लोधा, छीपाबडौद मण्डल अध्यक्ष हितेष वैष्णव, तिरंगा यात्रा सेमली मण्डल संयोजक आशीष गालव, संयोजक मनीष मीणा, सहसंयोजक रवि शर्मा, नगर मण्डल सहसंयोजक रोहित अरोड़ा, गोविन्द तिवारी, महिला मोर्चा संयोजक हंस कंवर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष निरंजन शर्मा, पूर्व मण्डी चैयरमेन गोपाललाल नागर, पूर्व उपाध्यक्ष रामचरण मीणा, अमित करतला समेंत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भव्या पारीक ने वाणिज्य संकाय में 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे की बालिका भव्या पारीक ने 12वीं कक्षा में वाणिज्य संकाय से 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार एवं समाज का नाम रोशन किया। बालिका के पिता राम कुमार पारीक ओर माता मोना पारीक एक निजी स्कूल में अध्यापिका है। छात्रा रामकृष्ण एकेडमी कोटा में अध्ययन रत थी, जिसने नियमित पढ़ाई कर स्वयं के बल पर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की परीक्षा में कक्षा 12 वीं में वाणिज्य संकाय में 97.60 प्रतिशत अंको के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। बालिका की उपलब्धि से परिवार,समाज मे खुशी की लहर है। बालिका के पिता किराना के व्यवसाय से जुड़ा हुए है, लेकिन बालिका भव्या पारीक आगे चलकर सीए बन समाज की सेवा करने की इच्छुक है। बालिका के छबड़ा पहुंचने पर पालिका के निवर्तमान चेयरमैन कैलाश चन्द जैन ने छात्रा का स्वागत किया गया।बालिका को आर्य समाज के अध्यक्ष मदनलाल आर्य, कोषाध्यक्ष महेंद्र गुप्त, मंत्री प्रदीप कपूर, श्याम पारीक एडवोकेट एवं बालिका की दादीओर आर्य समाज संस्था के पुरोहित जीतपाल शास्त्री ने हवन में देवों को आहुतियां प्रदान कर बालिका को बधाई एवं शुभकामनाएं देकर आशीर्वाद प्रदान किया।

### 'कोरोना ने दस्तक दी, सावधानी बरतें'

**छबड़ा** (निसं)। विधायक व पूर्व मंत्री प्रताप सिंह सिंघवी ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना की दस्तक हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोरोना धीरे-धीरे पैर पसार रहा है। केरल, दिल्ली, महाराष्ट्र और कर्नाटक के बाद अब राजस्थान में भी कोरोना के कई मामले सामने आए हैं। जानकारी के अनुसार राजस्थान में करीब आधा दर्जन लोग पॉजिटिव मिले हैं। प्रदेश में कोरोना के नए मामले सामने आने के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। सिंघवी ने कहा कि जानकारी के मुताबिक उदयपुर और जयपुर में कोरोना के नए वेरिएंट से मरीज संक्रमित पाए गए हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि यह नया वेरिएंट पहले जितना खतरनाक नहीं है। प्रदेश में पिछले कोरोनाकाल में कांग्रेस सरकार के समय जो लापरवाही हुई उसकी सजा जनता को भुगतनी पड़ी। चिकित्सा विभाग को समय रहते सचेत रहने की आवश्यकता है। कोविड़ के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए प्रशासन को संक्रमण से निपटने के लिए बिस्तरों, आक्सीजन, दवाओं और टीकों की उपलब्धता के लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। सिंघवी ने आमजन से सावधानी बरतने की अपील की है। हाथ स्वच्छ रखना और अस्पताल या भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क का प्रयोग किया जाए।

### ट्रैक्टर व बाइक चोरी

**छबड़ा** (निसं)। छबड़ा क्षेत्र में वाहन चोरी का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन बाइक चोरी होना आम बात है। पहले तो चोर केवल बाइक चुराते थे, अब तो ट्रेक्टर भी नहीं छोड़ रहे हैं। कुछ दिन पूर्व चावलखेड़ी में निजी मकान के सामने खडे ट्रेक्टर को अज्ञात चोर चुराकर ले गए। वहीं कस्बे के व्यवस्तम चौराहे के पास से बाइक चोरी हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार चावलखेड़ी निवासी ओमप्रकाश धाकड़ ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके मकान के सामने ट्रेक्टर खड़ा हुआ था, सुबह उठकर देखा तो ट्रेक्टर मकान के सामने नहीं मिला। वहीं छबड़ा निवासी महेन्द्र साहू ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह साहू धर्मशाला में शादी में खाना खाने गया था, खाना खाकर वापस आया तो उसकी मोटर साइकिल को अज्ञात चोर चुराकर ले गए।

### शान्ति विधान का भव्य आयोजन आज

**छबड़ा** (निसं)। स्थानीय दिगम्बर जैन मंदिर पर सोमवार को शांति नाथ भगवान के महा मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर 105 प्रश्म मति माताजी के पावन सानिध्य में शांति विधान का भव्य आयोजन होगा। प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार को शांति नाथ भगवान के जन्म तप एवं मोक्ष कल्याणक पर माता जी के सानिध्य में दोपहर दो बजे से शान्ति विधान का आयोजन होगा। इसके पहले सुबह साढ़े सात बजे भगवान की अभिषेक शांति धारा होगी तथा इसके बाद निर्वाण कांड के पाठ के वाचन के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया जायेगा तथा नित्य नियम पूजा होगी। यह समाज का सोभाग्य है की इस पावन अवसर पर माता जी का छबड़ा में मंगल प्रवेश हुआ अतः सभी कार्यक्रम माता जी के पावन सानिध्य में होंगे।

### पाली जीएसएस पर 6 घंटे बिजली बन्द रहेगी

**छबड़ा** (निसं)। 33/11 केवी पाली जीएसएस पर मरम्मत कार्य होने के कारण 6 घण्टे समस्त फीडरों की विधुत सप्लाई बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता रजनीश चावला ने बताया कि 33/11 पाली जीएसएस यार्ड में सिवल कार्य के चलते सोमवार को सुबह 08 बजे से दोपहर 2 बजे तक पाली जीएसएस के समस्त फीडरों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

# सरोद नवीन मंदिर में धूमधाम से की वेदी प्रतिष्ठा, 750 वर्ष प्राचीन प्रतिमा की स्थापना हुई

**भवानीमंडी,** (निसं)। सरोद मंदिर समिति व सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में 1008 मध्य जिनेंद्र नेमिनाथ जिनेंद्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव व विश्व शांति महायज्ञ के तहत पांच दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव कार्यक्रम सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे थे जहां कमेटी अध्यक्ष मनोज पाटनी ने बताया कि रविवार प्रातः 6 बजे जाप्यानुष्ठान, नित्याभिषेक पूजन, यागमंडल विधान, नवीन वेदिका में जिनबिम्ब स्थापना, शिखर पर कलश व ध्वजदंड स्थापना सहित समाधिनिष्ठ उपाध्यक्ष श्री 108 ज्ञेयसागर महाराज की छत्री की स्थापना का आयोजन किया गया।



सरोद नवीन मंदिर में धूमधाम से की वेदी प्रतिष्ठा, 750 वर्ष प्राचीन प्रतिमा की स्थापना हुई।

**धन से नहीं मन से संपन्न बनो:- मुनिराज आदित्य सागर:-** हम सभी अपने जीवन में सुख और गुणों की वृद्धि के लिए नीति के विषयों का श्रवण करें। नीतिकार हमें सिखाते हैं कि भले ही हमारे पास धन नहीं हो चलेगा लेकिन हमारे पास मन होना चाहिए ऐसा व्यक्ति जिसके पास धन है लेकिन मन नहीं है वह व्यक्ति गरीब है। स्वयं को वक्त दीजिए आपकी कीमत बढ़ेगी। उसके लिए बड़े दिल का बड़े मन का होना आवश्यक है।

आज के इस भागमभाग के दौर में सब स्वार्थ का जीवन जी रहे हैं। धन के संपन्न भले ही ना बन पाए लेकिन मन के संपन्न बनिए। धन की संपन्नता अहंकार देती है और मन की संपन्नता संस्कार देती है।

आपके संस्कारों से ही आपको दुनिया में याद रखा जाएगा। जब हमें किसी के गुण देखते हो तो दोषो को गौण कर देना चाहिए।

**750 वर्ष प्राचीन मंदिर की मूर्तियों की हुई स्थापना:-** नवीन मंदिर का निर्माण कर उसमें नवीन वेदी पर जिनबिम्बो की स्थापना की गई। इस दौरान मूर्ति के लाभार्थी परिवारों द्वारा पाषाण व अष्टधातु की मूर्तियों को वेदी पर स्थापित किया गया, जिसके बाद शिखर पर कलश व ध्वजदंड की स्थापना कर समाधिनिष्ठ उपाध्यक्ष श्री 108 ज्ञेय सागर महाराज की छत्री की स्थापना की गई।

इस दौरान बड़ी संख्या में भवानीमंडी, मिश्रोली, पिड़ावा, सुसनेर, गरोठ, शामगढ़, जयपुर, भोपाल, झालावाड़, झालरापाटन, सुनेल, कड़ोदिया सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए जैन समाजजन सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## पेड़ों पर 150 परिंडे व घोंसले बांधे

**कोटा,** (निसं)। प्राकृतिक संतुलन के अन्तर्गत रविवार से प्रारंभ हुए नौतपा कि भीषण गर्मी से पशु-पक्षियों के बचाव हेतु ग्रीन आर्मी वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्षा मंजू जैन के नेतृत्व में श्रीनाथपुरम हाड़ी रानी सर्किल के मुख्य सड़क पर पेड़ो पर 150 परिंडे व घोंसले बांध बेजुबान पक्षियों के लिए नवाचार किया है। सोसाइटी के सदस्यों एवं जुड़े हुए नागरिकों ने इस अभियान की शुरूआत की तथा संकल्प लिया की नौतपा अवधि में परिंडों में पानी व घौसलों में दाना रखकर पशु-पक्षियों के जीवन को बचाने हेतु भरसक प्रयत्न किया जाएगा। यह आयोजन डॉ. सुनील जैन की पुत्री चारवी के जन्मदिन और मुकेश-रंजिता जैन की विवाह वर्ष गांठ के शुभ अवसर पर ग्रीन आर्मी द्वारा आयोजित किया गया है। ग्रीन आर्मी का अनूठा प्रयास है कि बर्थडे और एनिवर्सरी प्रकृति के साथ मनाई जाए। इस अवसर पर सोसायटी सचिव रितेश जैन, जे.के.जैन (मुख्य संयोजक सकल जैन समाज कोटा, अतिरिक्त राष्ट्रीय महासचिव दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन), अतुल शाह, पोरवाल युवक संघ के कोषाध्यक्ष ऋषभ जैन आदि रहे।

## महाराणा प्रताप जयंती समारोह आयोजित

**रावतभाटा,** (निसं)। परमाणु ऊर्जा की विभिन्न इकाइयों द्वारा मनाई जा रही 57वी महाराणा प्रताप जयंती समारोह के विभिन्न कार्यक्रम के अंतर्गत महाराणा प्रताप जयंती समारोह शोभायात्रा समिति क्षित्रय समाज रावतभाटा के तत्वावधान में परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय नंबर 4 के प्रांगण में रविवार को महाराणा प्रताप की जीवनी एवं मेवाड़ के ऐतिहासिक जानकारी की चित्रकला एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं का भव्य आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता आयोजन समिति के संयोजक मान सिंह सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया की प्रतियोगिता कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए महाराणा प्रताप के जीवन पर निबंध एवं वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रतियोगिता तथा कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी मेहता (कक्षा 9) द्वितीय स्थान अनुरिका ठाकुर (कक्षा 9) और तृतीय स्थान पर उमेश बारिक (कक्षा 9) रहीं और चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अक्ष दुबे (कक्षा 8) द्वितीय स्थानभूमिका अत्रे (कक्षा 7) तृतीय स्थान पर नैतिक (कक्षा 8) रहीं।

इनके अलावा दोनों प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समारोह में उपस्थित प्रमुख अतिथि महाराणा प्रताप जयंती समारोह शोभायात्रा समिति के महासचिव शेर सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष रघुराज सिंह, सदस्य राजेंद्र सिंह चौहान, क्षित्रय समाज समिति रावतभाटा के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह हाड़ा, महासचिव चन्द्र सिंह भाटी, मुख्य सलाहकार डी पी सिंह, रिपेंद्र सिंह लखनोत, आरआर साइट सीटू अध्यक्ष विकास चौहान व सुपरवाइजर एसोशिएशन के पूर्व महासचिव उपेंद्र बारस्कर ने छात्र-छात्राओं द्वारा महाराणा प्रताप की जीवन पर प्रकाश डाल कर समस्त प्रतिभागियों को प्रोत्साहन कर सराहना की और कहा कि अत्यंत सुंदर, प्रेरणादायक एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत यह आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति, ऐतिहासिक ज्ञान एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने की दिशा में अत्यंत सफल सिद्ध होगा। क्षित्रय महिला समिति अध्यक्षा राजकुमारी चौहान एवं कोषाध्यक्ष संध्या कंवर, हिमानी कंवर उपस्थिति रही।

# श्रीजी हॉस्पिटल में निःशुल्क थाइरॉइड जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित

**कोटा,** (निसं)। कोटा हार्ट इंस्टीट्यूट ग्रुप के नए अस्पताल श्रीजी हॉस्पिटल में वर्ल्ड थाइरोइड दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क थायरॉइड जाँच शिविर एवं जनजागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।

शिविर में डॉ. पार्थ जेठवानी (मधुमेह, थायरॉइड एवं हार्मोन विशेषज्ञ) ने अपनी निःशुल्क सेवाऐं दी। थायरॉइड दिवस के अवसर पर डॉ.पार्थ जेठवानी ने थायरॉइड विकारों के लक्षण, कारण और समय पर जांच के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि अब थायरॉइड रोगों के लिए नई और प्रभावी उपचार विधियाँ उपलब्ध हैं, जिनसे रोगियों का जीवन बेहतर किया जा सकता है।

जागरूकता और समय पर इलाज से इन समस्याओं को आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है। शिविर में टी.एस.एच. की निःशुल्क जांच की गई। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ.राकेश जिंदल ने बताया कि सामाजिक सरोकारो के तहत इस तरह के सुपरस्पेशलिस्ट चिकित्सा शिविरों का भविष्य में भी आयोजन किया जाऐगा। शिविर में 57 मरीज लाभान्वित हुए।



कोटा श्रीजी हॉस्पिटल में निःशुल्क थाइरॉइड जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया है।

## बंदरों को फल खिलाए

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से मूक प्राणियों के लिए भीषण गर्मी में परिंडे बांधे जा रहे हैं, पशुओं के लिए पानी की टंकी व हरे चारे की व्यवस्था की जा रही है।

पशुओं को फल खिलाए जा रहे हैं, इसी क्रम में सिंधु यूथ सर्कल एवं ग्लोरियस-50 की टीम ने डाढ़ देवी माता मंदिर पर पहुंचकर पहले दर्शन किए और उसके बाद बंदरों को फल खिलाए, करीब 251 किलो फल बंदरों को खिलाए गए वह भी कम पड़ गए। सिंधु यूथ सर्कल के पूर्व अध्यक्ष दीपक राजानी ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण लोग डाढ़देवी मंदिर पर बहुत कम संख्या में पहुंच रहे है, ऐसे में आमजन को वहां पहुंचकर उनके लिए खाने की व्यवस्था करनी चाहिए। अध्यक्ष कमल खत्री ने बताया कि हमारा प्रयास रहेगा की जहां भी मूक प्राणी अधिक संख्या में है वहां जाकर उनके लिए खाने और पानी की व्यवस्था की जाए।

# जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय प्रबन्धन मण्डल की पांचवीं बैठक सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय प्रबन्धन मण्डल की पांचवी बैठक का आयोजन चेअरपर्सन एवं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी आर.डी.मीणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं प्रबन्धन मण्डल के पदेन सचिव डॉ. नरेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों के स्वागत के साथ प्रारम्भ इस बैठक में वि.वि. के प्रेसिडेण्ट/कुलपति प्रो.डी.पी. तिवारी द्वारा मुख्य एजेण्डा पर चर्चा करते हुए बताया कि जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय सत्र 2025-26 से कई नवीन पाठ्यक्रमों पर अध्ययन एवं शोध अध्ययन प्रारम्भ करने जा रहा है जिसके अन्तर्गत आदिवासी नायकों एवं स्वतंत्रता सेनानी रहे भैरवलाल कालाबादल, कप्तान छुट्टनलाल, लक्ष्मी नारायण झाबरवाल, गोबिन्द गुरू, बिरसा मुण्ड़ा आदि विभूतियों की जीवनियों व राष्ट्र तथा समाज के प्रति योगदानों पर अध्ययन हेतु विद्यार्थियों व शोधार्थियों को सम्मिलित किया जायेगा। वि.वि. के चेअरपर्सन आर.डी.मीणा ने उपस्थित सदन को बताया कि सत्र 2025-26 से कई नवीन पाठ्यक्रमों जिनमें-भारतीय पुनर्वास परिषद के निर्देशानुसार दिव्यांगजनो हेतु चार वर्षीय विशेष बी.एड. अन्तर्गत श्रवण दोष व बौद्धिक विकलांगता वाले विद्यार्थियों को पढ़ाने हेतु सभी स्तरों (प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व माध्यमिक स्तर के) के शिक्षक तैयार करने सम्बन्धी पाठ्यक्रमों का आयोजन (प्रकियाबद्ध) करने जा रहा है जो कि क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्पूर्ण सिद्ध होगा। प्रबन्धन मण्डल द्वारा विधिक शिक्षा अन्तर्गत 1 वर्षीय व 2 वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों एल.एल.एम.), वास्तुकला संकाय अन्तर्गत बैचलर ऑफ डिजाईनिंग, आयुर्वेदिक चिकित्सा अन्तर्गत चार वर्षीय बी.एस.सी. नर्सिंग व कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स संकाय अन्तर्गत आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंसी आदि को प्रारम्भ करने पर सहमति जताई। बैठक में सत्र 2024-25 अन्तर्गत विभिन्न पदों पर नियुक्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मियों की नियुक्तियों का अनुमोदन, अकादमिक परिषद की चतुर्थ बैठक के निर्णयों व विश्वविद्यालय की परीक्षा नियमावली का सर्वसम्मति से अनुमादन किया गया। प्रबन्धन मण्डल के सदस्य एवं भारत सरकार के पूर्व विधि व उर्जा सचिव सुरेश चन्द्रा द्वारा पाठ्यक्रमों को रौचक व व्यवहारपरक बनाये जाने पर बल दिया। सदस्य एवं देश के ख्यातिनाम वास्तुकार अनूप भरतरिया द्वारा विश्वविद्यालय के विकास में योगदान देने वाले भामाशाहों को उत्साहित/सम्मानित करने की दृष्टि से निर्मित स्मारक के निर्माण को एक महत्वपूर्ण कदम बताया। सदस्य एवं जे एन. यू. के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के असोसिएट प्रोफेसर डॉ. जसराज मीणा, प्रां. गोपाल सिंह, विनायक ग्लोबल विश्वविद्यालय जयपुर के प्रो. योगेश यादव नें विश्वविद्यालय द्वारा चालू सत्र अन्तर्गत आयोजित की गई राष्ट्रीय स्तर की अकादमिक, शोध व खेलकूद गतिविधियों पर हर्ष जताया। प्रबन्धन मण्डल के सदस्य एवं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी रामजीवन मीणा तथा सदस्या एवं कोटा की पूर्व जिला प्रमुख कमला मीणा द्वारा विश्वविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास हेतु प्रयास करते रहने पर ध्यान केन्द्रित किया। अन्त में प्रबन्धन मण्डल के अध्यक्ष व विश्वविद्यालय के चेअरपर्सन आर.डी.मीणा द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# लोकतंत्र में सरकारें सुरक्षा की गारंटी होती है भय का कारण नहीं : गुंजल

**कोटा,** (निसं)। लोकतंत्र में सरकारें सुरक्षा की गारंटी होती हैं भय का कारण नहीं जब हम भारतीय जनता पार्टी मे आये थे तब हम कहते थे व्यक्ति से बड़ा दल, दल से बड़ा समाज और समाज से बड़ा राष्ट्र, लेकिन मैंने पिछले दस वर्षों में बहुत तेजी से उन बदलाव को देखा है। व्यक्ति से बड़ा दल, दल से बड़ा समाज और समाज से बड़ा राष्ट्र की बात करने वाली पार्टी में सिर्फ और सिर्फ व्यक्ति की पूजा हो रही है।

राष्ट्र गौण हो गया, सरकारे गौण हो गई, विचारधारा गौण हो गई यह बात पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल में अपने नयापुरा स्थित कार्यालय में संविधान बचाओं रैली की तैयारियों को लेकर आयोजित कार्यकर्ता बैठक में कही। गुंजल ने कहा इस समय देश बहुत ही चुनौती पूर्ण परिस्थितियों में से गुजर रहा है देश की राजनीति में किसान गायब हो गया, नौजवान गायब हो गया, बेरोजगारी गायब हो गई, मजदूर गायब हो गया केवल धार्मिक उन्माद देश की राजनीति का आधार बन गया हैं।

■ **संविधान बचाओ रैली की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित**



कोटा में संविधान बचाओ रैली की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक को प्रहलाद गुंजल ने संबोधित किया है।

इन चुनौती पूर्ण वातावरण में जहां संविधान के लिए चुनौती और खतरा बन गया है। इस चुनौती पूर्ण वातावरण से देश को बाहर निकालने के लिए हमारी लड़ाई जारी है और यह उसकी शुरुआत है।

उन्होंने ने कहा कि आज देश में भय का माहौल है देश की जनता ही अपनी सरकार से सवाल नहीं पूछ सकती। सत्य को सत्य कहने की यदि कोई हिम्मत करता है तो उसे प्रताड़ित किया जाता है, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है कांग्रेस ने संविधान की रक्षा करने का बीड़ा उठाया है पूरे देश में संविधान बचाओ रैली के माध्यम से देशवासियों को संविधान से की जा रही छेड़छाड़ व संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग की जानकारी दी जा रही है ताकि इस पर अंकुश लगाया जा सकें।

इसी क्रम में आगामी 31 मई को कोटा में भी संविधान बचाओं रैली होनी है जिसमें प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कांग्रेसी कई वरिष्ठ नेता भाग लेंगे।

जिलाध्यक्ष रविंद्र त्यागी ने कहा कि जब से मोदी प्रधानमंत्री बने देश की सारी संस्थाओं चाहे सीबीआई हो ईडी हो सबको अपनी जेब में रख रखा है, संविधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है।

बैठक को देहात अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, पूर्व महिला प्रदेश अध्यक्ष राखी गोतम, शिवराज गुंजल, मंजूर तंवर, अनूप ठाकुर ने भी संबोधित किया संचालन हेमन्त चतुर्वेदी ने किया।

## श्री मज्जिनेंद्र वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के तीन दिवसीय आयोजन का समापन

**कोटा,** (निसं)। शहर के टिपटा में नव निर्मित श्री महावीर स्वामी जिनालय में रविवार को नवीन वेदियों पर अपार धर्म प्रभावना के साथ भगवान को विराजमान किया गया।

महामंत्री राजमल हरसोरा ने बताया कि 23 मई से प्रारंभ श्री मज्जिनेंद्र वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के त्रिदिवसीय आयोजन का रविवार को समापन हुआ। प्रातः 6 बजे नित्य अभिषेक शांतिधारा विधि के बाद पूर्व नियोजित पुण्यार्जकों द्वारा विधि पूर्वक भगवान को वेदियों पर विराजमान करने की क्रिया की गई।

सर्वप्रथम सौधर्म इंद्र सोभागमल-प्रेमलता मालूजीवाला परिवार द्वारा भगवान महावीर की मूंगावर्णी 51 नवीन प्रतिमा को कमलासन पर विराजमान किया, तत्पश्चात 400 से 800 वर्ष प्राचीन कुल 36 प्राचीन जिनबिम्बों को समाज श्रेष्ठियों द्वारा निर्मित 5 वेदियों में स्थापित कमलों पर विराजमान किया गया।

इसी अवसर पर सभी वेदिकाओं में अष्ट मंगल द्रव्यों सहित भामंडल, छत्र एवं चंवर भी स्थापित किए गए। तत्पश्चात मंदिर पर निर्मित विशाल शिखरों पर धातु कलश एवं ध्वजा की स्थापना पंडित जितेंद्र शास्त्री के निर्देशन में की गई।

अंत में विश्व शांति की कामना से हवन में आहुतियां देकर पूजन विधि को पूर्णता दी गई। अध्यक्ष प्रकाशचंद मालूजी वाला ने बताया की हाड़ौती में बघेरवाल समाज का यह सबसे प्राचीन जिनालय रहा तथा कालांतर प्रभाव से मंदिर के पुनर्निर्माण की आवश्यकता महसूस करते हुए इसका निर्माण मुनि पुंगव 108 श्री सुधा सागर महाराज के आशीर्वाद एवं निर्देशन में सभी समाजजनों के पूर्ण सहयोग से हुआ।


राजस्थान सरकार

कार्यालय ग्राम पंचायत अमृतकुआं, पंचायत समिति सांगोद जिला कोटा

क्रमांक:-2024-25/sp 1 | दिनांक:-25.05.2025

नीलामी विज्ञप्ति

ग्राम पंचायत अमृतकुआं के गांव गुरायता की चारागाह भूमि के जंगली बबूल/कंटीली झाड़िया कटवाने व चारागाह भूमि के समतलीकरण हेतु निम्न विज्ञप्ति जारी की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अमानत राशि | नीलामी की तिथि |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | ग्राम गुरायता ग्राम पंचायत अमृतकुआं की चारागाह भूमि पर चारागाह विकास हेतु व निजी आय के उद्देश्य से जंगली बबूल/कंटीली झाड़ियों को कटवाकर चारागाह भूमि को समतलीकरण करने का कार्य | 10000/- | 26 मई 2025 से 28 मई 2025 दोपहर 03 बजे तक |

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अमृतकुआं पं.स. सांगोद | प्रशासक, ग्राम पंचायत अमृतकुआं पं.स. सांगोद